सांध्य दैनिक
आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel
# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
DGR Detective Group Report
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com
वर्ष : 11 अंक : 230 | इंदौर, शुक्रवार 06 मार्च, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## ईरानी नेवी पर कहर बनकर टूटा अमेरिका, बम गिराकर 30 जंगी जहाज डुबो दिए



**नई दिल्ली, (एजेंसी) अमेरिकी सेना ने 6 मार्च 2026 को बड़ा खुलासा किया है कि अमेरिका और इजरायल के साथ चल रहे ईरान के खिलाफ युद्ध में अब तक ईरान के 30 से ज्यादा जहाज डुबो दिए गए हैं. इनमें एक ईरानी ड्रोन जहाज भी शामिल है. यह जानकारी अमेरिकी सेंट्रल कमांड के प्रमुख एडमिरल ब्रैड कूपर ने दी.**

उन्होंने बताया कि युद्ध के पहले दिन से अब तक ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल हमलों में 90 प्रतिशत की भारी कमी आ गई है. यह युद्ध ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या के बाद शुरू हुआ था और अब पूरे मध्य पूर्व में फैल चुका है.

एडमिरल ब्रैड कूपर ने स्पष्ट कहा कि अमेरिकी नौसेना ने अब तक ईरान के 30 से ज्यादा जहाजों को पूरी तरह डुबो दिया है. इनमें बड़े-बड़े युद्धपोत, छोटे जहाज और खासतौर पर एक ड्रोन जहाज शामिल है जो ईरान इस्तेमाल कर रहा था. यह ड्रोन जहाज अभी भी आग में जल रहा है. समुद्र में लहरें उसे डुबोने की कोशिश कर रही हैं.

अमेरिकी सेना का कहना है कि ये जहाज ईरान को हथियार पहुंचाने, हमले करने और समुद्र में घुसपैठ करने के लिए इस्तेमाल हो रहे थे. अमेरिका और इजरायल की संयुक्त सेना ने इन जहाजों को लक्ष्य बनाकर हमले किए जिससे ईरान की समुद्री ताकत बहुत कमजोर हो गई है.

युद्ध के पहले दिन ईरान ने इजरायल और अमेरिकी ठिकानों पर भारी बैलिस्टिक मिसाइलें दागी थीं. लेकिन एडमिरल ब्रैड कूपर ने बताया कि अब इन हमलों में 90 प्रतिशत की कमी आ गई है. इसका मुख्य कारण है कि अमेरिकी और इजरायली सेना ने ईरान के मिसाइल ठिकानों और जहाजों पर लगातार हमले किए हैं.

ईरान के पास अब कम मिसाइलें बची हैं. उसकी सप्लाई लाइन भी टूट चुकी है. अमेरिकी सेना ने ईरान की समुद्री राहों को बंद कर दिया है जिससे नई मिसाइलें लाना मुश्किल हो गया है. इससे ईरान की हमले करने की क्षमता बहुत कम हो गई है और पूरा क्षेत्र थोड़ा शांत होने लगा है.

एडमिरल ब्रैड कूपर अमेरिका की सेंट्रल कमांड के प्रमुख हैं जो मध्य पूर्व में अमेरिकी सेनाओं का नेतृत्व करते हैं. उन्होंने कहा कि अमेरिकी सेना ईरान की हर गतिविधि पर नजर रखे हुए है. उन्होंने जोर देकर कहा कि यह युद्ध ईरान के परमाणु कार्यक्रम और मिसाइल खतरे को खत्म करने के लिए है.

कूपर ने बताया कि ईरान के जहाज डुबोने से न सिर्फ समुद्र में सुरक्षा बढ़ी है बल्कि ईरान की सेना भी कमजोर पड़ रही है. उन्होंने यह भी कहा कि युद्ध अभी जारी है. अमेरिका अपने सहयोगी इजरायल के साथ मिलकर ईरान को पूरी तरह रोकने का काम कर रहा है.

### मध्यप्रदेश में 16 मार्च से शुरू होगी गेहूं खरीदी, सीएम बोले-
# किसानों को न हो कोई परेशानी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को मंत्रालय में आयोजित अभियान की राज्य स्तरीय बैठक के बाद जिला कलेक्टर्स से वर्चुअल संवाद किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में होने वाली गेहूं खरीदी प्रक्रिया के दौरान किसानों को किसी भी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने सभी जिला कलेक्टरों को निर्देश दिए कि पंजीकृत किसानों का सत्यापन, उपार्जन केंद्रों पर पर्याप्त बारदानों की उपलब्धता और किसानों को समय पर भुगतान की व्यवस्था पूरी तरह सुनिश्चित की जाए। सीएम ने कहा इंदौर, उज्जैन, भोपाल और नर्मदापुरम संभाग में 16 मार्च से 5 मई तक गेहूं खरीदी होगी, जबकि जबलपुर, ग्वालियर, रीवा, शहडोल, चंबल और सागर संभाग में 23 मार्च से 12 मई तक उपार्जन किया जाएगा। किसानों को पंजीयन कराने की अंतिम तिथि 7 मार्च तय की गई है। सीएम डॉ. यादव ने कहा कि सरकारी केंद्रों का समय पर निर्धारण और वहां सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। खरीदी कार्य में लगे कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जाए और जिला उपार्जन समिति नियमित बैठक कर समस्याओं का त्वरित समाधान करे। किसानों को भी जरूरी जानकारी आसानी से उपलब्ध कराई जाए।**




### ● खाड़ी देशों में रह रहे लोगों के परिवार से बनाएं संपर्क

मुख्यमंत्री ने खाड़ी देशों में बने हालात को देखते हुए वहां रह रहे प्रदेश के लोगों और उनके परिवारों से संपर्क बनाए रखने के निर्देश भी दिए। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार ने मध्यप्रदेश भवन नई दिल्ली और वल्लभ भवन मंत्रालय में सहायता के लिए कंट्रोल रूम भी स्थापित किया है। सीएम ने कहा कि प्रदेश में चल रहे 'संकल्प से समाधान' अभियान के तहत अब तक लगभग 40 लाख आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है। अब 16 मार्च तक जिला स्तर पर शिविर लगाए जाएंगे, जिनकी कलेक्टरों को सख्त मॉनिटरिंग करनी होगी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जो कलेक्टर बेहतर प्रदर्शन और परिणाम देंगे, वही मैदान में बने रहेंगे।

### छात्रावासों का आकस्मिक निरीक्षण करें

मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर फैलने वाली भ्रामक जानकारी का जिला स्तर पर तुरंत खंडन करने, परीक्षा के दौरान स्कूल-कॉलेज और छात्रावासों का आकस्मिक निरीक्षण करने तथा सरकारी कर्मचारियों से कार्यालयीन समय का सख्ती से पालन कराने के निर्देश भी दिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समय पालन में सुधार नहीं हुआ तो राज्य में छह दिन का कार्य सप्ताह लागू किया जा सकता है। बैठक में अधिकारियों को वर्ष 2026 को किसान कल्याण वर्ष के रूप में मनाने के तहत कृषि और पशुपालन क्षेत्र में नवाचार करने वाले किसानों की प्रदर्शनी लगाने तथा जिलों में होम-स्टे को बढ़ावा देने के निर्देश भी दिए गए।

# टीम इंडिया की जीत का फिर जश्न मना राजवाड़ा पर, तिरंगा लेकर नाचे लोग



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। भारत टी-20 विश्वकप के फाइनल में पहुंच चुका है। इसके लिए सेमी फायनल में गुरुवार को भारतीय खिलाड़ियों ने इंग्लैंड को रोमांचक मुकाबले में हराया। इसके बाद इंदौर के लोगों ने राजवाड़ा पर जश्न मनाया। क्रिकेट प्रेमी तिरंगा हाथों में लेकर नाचते रहे।**

टी-20 वर्ल्ड कप में टीम इंडिया की शानदार जीत का गवाह एक बार फिर इंदौर का हृदय स्थल राजवाड़ा बना। जैसे ही इंग्लैंड की टीम मैच हारी तो शहर कुछ देर के लिए आतिशबाजी और पटाखों से गूंज उठा। मैच के लिए कुछ स्थानों पर बड़ी टीवी स्क्रीन भी लगाकर रखी गई थीं।

जीत भारत के निकट आते ही लोग टीवी स्क्रीन छोड़कर गाड़ियों से राजवाड़ा की ओर रवाना होने लगे। पहले कुछ लोग राजवाड़ा पर जुटे और देखते ही देखते राजवाड़ा पर क्रिकेट दीवानों की भीड़ जमा हो गई। क्रिकेट प्रेमी हाथों में तिरंगे लहराने लगे और भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारों से पूरा इलाका गूंज उठा। युवाओं ने ढोल की थाप पर जमकर नृत्य किया, तो कई लोग देशभक्ति गीतों पर झूमते नजर आए।

कई परिवार अपने बच्चों के साथ तिरंगा हाथ में लिए जश्न मनाने पहुंचे। नाचते हुए कई लोग रील भी बना रहे थे। कुछ देर बाद चौक पर मौजूद भीड़ को पुलिसकर्मियों ने अपने-अपने घरों की ओर लौटने की अपील की। पुलिस के इस रवैये का भाजपा नेता ने विरोध भी किया। उनका कहना था कि जितनी देर तक क्रिकेट प्रेमी जश्न मना रहे हैं, उन्हें मनाने दिया जाए, हालांकि रात साढ़े 12 बजे से पहले ही राजवाड़ा खाली होने लगा था। अब क्रिकेट प्रेमियों को 8 मार्च के फाइनल मुकाबले का इंतजार है।

# जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल

## राष्ट्रीय स्तर पर मिली इंदौर जिले में हुए कार्यों को सराहना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर इंदौर जिले में चलाये जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत वर्ष 2025-2026 के दौरान अब तक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल हुई है। इस अभियान के तहत जल संरक्षण और जल संवर्धन के कार्यों को राष्ट्रीय स्तर पर सराहना प्राप्त हुई है। आज केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की विशेष उपस्थिति में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित प्रदेश स्तरीय समीक्षा बैठक में इंदौर जिले में हुए कार्यों को सराहा गया।




बैठक में ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल सहित राज्य स्तर के वरिष्ठ अधिकारी और प्रदेश के सभी जिलों के कलेक्टर्स शामिल हुए। इंदौर से इस बैठक में नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिद्धार्थ जैन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर शिवम वर्मा ने इंदौर जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कराये गए जल संवर्धन और जल संरक्षण संबंधी कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर विगत 30 मार्च 2025 से अभियान की शुरूआत की गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के निर्देशानुसार इंदौर जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल स्त्रोतों के पुनरुद्धार तथा निर्माण कार्यों को आमजन से जोड़कर विशाल जनभागीदारी का स्वरूप दिया गया। अभियान को जन आंदोलन बनाया गया। इंदौर जिले में युद्ध स्तर पर कुएँ, बावड़ी व तालाबों की सफाई व पुनरुद्धार का कार्य किया गया।

कलेक्टर शिवम वर्मा ने बैठक के दौरान जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत इंदौर जिले में किए गए जल संरक्षण कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जनभागीदारी से जिले में व्यापक स्तर पर जल संरचनाओं का निर्माण और पुनर्जीवन किया गया है। जिले में 879 खेत तालाबों का निर्माण किया गया। साथ ही 654 सोक पिट/रिचार्ज पिट बनाए गए। इंदौर में 25 हजार 741 रेन वाटर हार्वेस्टिंग संरचनाओं का निर्माण किया गया। इसी तरह 8 पारंपरिक एवं अन्य जल निकायों / टैंकों का नवीनीकरण किया गया और 592 पुरानी जल संरचनाओं का जीर्णोद्धार, गहरीकरण एवं सफाई के कार्य किए गए। जिले में 24 तालाब चैनलों की सफाई कराई गई और 285 रिचार्ज शाफ्ट का निर्माण किया गया। इन कार्यों के माध्यम से जिले में जल संरक्षण को मजबूत आधार मिला है और भू-जल स्तर बढ़ाने की दिशा में प्रभावी प्रयास किए जा रहे हैं। इस वर्ष भी इस अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन किया जायेगा।

# जिले की 55 कंपोजिट मदिरा दुकानों के लिए ई-टेंडर आमंत्रित

- वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु 18 मदिरा समूहों का निष्पादन, ऑनलाइन टेंडर 6 मार्च से 7 मार्च दोपहर 2 बजे तक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। वित्तीय वर्ष 2026-27 की सम्पूर्ण अवधि अर्थात (दिनांक 01 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2027 तक की अवधि) के लिए इंदौर जिले के कुल 56 मदिरा एकल समूहों में सम्मिलित 173 कम्पोजिट मदिरा दुकानों में से 18 मदिरा समूह (जिनका वार्षिक मूल्य रूपयें 7,85,12,23,135/-) क्रमशः एम.आर.-9, चंद्रगुप्त मौर्य चौराहा (एमआर.-10), द्वारकापुरी, राऊ, कनाडिया बायपास चौराहा, मांगलिया, खण्डवा नाका, ड्रीमलैण्ड चौराहा, महू, पलसीकर कालोनी, तेजाजी नगर चौराहा, अंजनी नगर, चिमनबाग, देपालपुर, रेवती, छावनी, कंपेल, जवाहर मार्ग, रंगवासा (तह. देपालपुर) में सम्मिलित 55 कंपोजिट मदिरा दुकानों का निष्पादन बैच-3 प्रथम चरण में ई-टेन्डर (ई-टेन्डर एवं ई-टेन्डर कम ऑक्शन) के माध्यम से निष्पादन हेतु विज्ञप्ति जारी की गई है। ई-टेण्डर (ई-टेण्डर एवं ई-टेण्डर कम ऑक्शन) हेतु ऑनलाइन टेण्डर प्रपत्र डाउन लोड एवं ऑफर सबमिट करने की तिथि एवं समय 06 मार्च 2026 को प्रातः 10 बजे से 07 मार्च 2026 को दोपहर 02 बजे तक है, तथा ई-टेण्डर कम ऑक्शन प्रपत्र खोलने की तिथि एवं समय 07 मार्च 2026 को दोपहर 02.05 बजे से उक्त प्रक्रिया पूर्ण होने तक रहेगा।

प्रत्येक समूह ई-टेण्डर (ई-टेण्डर एवं ई-टेण्डर कम ऑक्शन) के माध्यम से निविदा प्रपत्र का निर्धारित मूल्य 30,000/-(तीस हजार) होगा। उक्त के संबंध मे इच्छुक आवेदक अवकाश के दिनों सहित जानकारी कार्यालय सहायक आयुक्त आबकारी, कक्ष क्रमांक 209 कलेक्ट्रेट परिसर, इंदौर से संपर्क स्थापित किया जा सकता है।

# युवक की उपचार के दौरान मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। छत्रीपुरा क्षेत्र के बालदा कॉलोनी निवासी 33 वर्षीय गोलू पुत्र चंद्रशेखर की बुधवार को एमवाय अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। परिवार के अनुसार पारिवारिक विवाद के चलते तीन दिन पहले उसने एसिड पी लिया था। हालत बिगड़ने पर उसे एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। गोलू अविवाहित था और फर्नीचर का काम करता था। परिवार में माता-पिता और बड़ा भाई हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# डॉ. अम्बेडकर नगर महू क्षेत्र में संचालित आलू चिप्स कारखानों की सघन जांच

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशानुसार गुरूवार को जिला प्रशासन की टीम द्वारा डॉ. अम्बेडकर नगर महू के ग्राम कोदरिया, नेउगुराडिया, आम्बाचन्दन और सांतेर में संचालित आलू चिप्स कारखानों की जाँच की गई । जाँच दल में मध्यप्रदेश प्रदुषण नियंत्रण बोर्ड के संजय जैन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत गिरीराज दुबे, तहसीलदार विवेक सोनी, मध्यप्रदेश विद्युत मण्डल के श्री धाकड, राजस्व निरीक्षक एवं पटवारी उपस्थित थे। जाँच का नेतृत्व अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डॉ. अम्बेडकर नगर महू राकेश परमार द्वारा किया गया। जाँच दल द्वारा उक्त ग्रामों में स्थित आलू चिप्स कारखानों की गहन जाँच की गई, जिसमें मौके पर आलू चिप्स कारखानों की अनुमति प्राप्त नहीं होने पर विद्युत कनेक्शन का विच्छेद किया गया। साथ ही आलू चिप्स कारखानों में अनियमितता पाए जाने पर कारखानों को तत्काल प्रभाव से बंद कराया गया। आगामी कार्यवाही प्रदुषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा की जायेगी।



# जिले में एचपीवी टीकाकरण के लिए बनाए गए 35 केन्द्र

इंदौर। संपूर्ण प्रदेश के साथ ही इंदौर जिले में भी एच.पी.वी. टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। इस टीकाकरण का उद्देश्य महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर से बचाव करना है, जो भारत में स्तन कैंसर के बाद कैंसर का दूसरा सबसे बड़ा रुप है। 99 प्रतिशत सर्वाइकल कैंसर एच.पी.वी. वायरस के कारण होते हैं। यह टीका उन किशोरियों को लगाया जाएगा जिनकी उम्र 14 वर्ष पूरी हो चुकी है। जिन किशोरियों ने अपना 14वां जन्मदिन मना लिया है, लेकिन 15वां जन्मदिन पूरा नहीं हुआ है, वे पात्र हैं। एक सिंगल डोज वैक्सीन प्रभावी मानी जाती है। यह टीका किशोरियों को पूर्णतः निःशुल्क लगाया जाएगा, इसके एक डोज का अनुमानित मूल्य लगभग 4000/- से 5000/- रुपये के मध्य है। यू-वीन पोर्टल पर टीकाकरण का पंजीकरण किया जाएगा, यू-वीन पोर्टल के माध्यम से ही प्रमाण पत्र जेनरेट होगा, लाभार्थी यू-वीन पोर्टल पर सेल्फ-रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं, वैक्सीनेशन सेंटर पर ऑन-द-स्पॉट रजिस्ट्रेशन भी उपलब्ध है। हितग्राही अपना स्लॉट यू-वीन पोर्टल पर बुक कर सकते हैं। (लिंक-https://uwin-selfregistration.mohfw.gov.in/login) नाम, आयु एवं यू-वीन पोर्टल पर स्लॉट बुक करने के लिए आधार कार्ड, जन्म प्रमाण-पत्र, अपार आई डी, स्टूडेंट फोटो आई.डी., पासपोर्ट, एम.सी.पी. कार्ड, टी.सी., पेन आई.डी., राशन कार्ड फोटो सहित, आरफनेज डेट ऑफ बर्थ डिक्लेरेएशन फार्म, बैंक पासबुक, डिक्लेरेएशन फार्म मान्य होंगे।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हासानी ने बताया कि जिले में 35 टीकाकरण केन्द्र निर्धारित किए गए हैं। इनमें प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अटाहेड़ा , सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बेटमा, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र देपालपुर, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गौतमपुरा, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र धन्नड़, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर दुधिया, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हातोद, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कम्पेल, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तिल्लोर खुर्द , मुख्यमंत्री मिनी संजीवनी क्लिनिक जूनी इंदौर, हुकुमचंद पॉलीक्लिनिक, संजीवनी क्लिनिक राजेन्द्र नगर, संजीवनी क्लिनिक हरसिद्धी, जिला अस्पताल इंदौर, मल्हारगंज सिविल अस्पताल, संजीवनी क्लिनिक द्रविण नगर, मध्य भारत हॉस्पीटल महू, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मानपुर, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हरसोला, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हसलपुर, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कोदरीया, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सिमरोल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डॉ.अम्बेडकर नगर, अर्बन कम्युनिटी हेल्थ सेंटर बाणगंगा, संजीवनी क्लिनिक अरण्य नगर, सिविल अस्पताल नंदा नगर , प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भिचोली, संजीवनी क्लिनिक भंवरकुआ, अर्बन प्राइमरी हेल्थ सेंटर खजराना, पी.सी. सेठी सिविल अस्पताल, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चंद्रावतीगंज, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र डकाच्या, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र क्षिप्रा, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पालिया तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सांवेर शामिल हैं। यहाँ सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक टीकाकरण किया जाएगा। यह टीका सुरक्षित है और विश्व के लगभग 148 देशों में उपयोग किया जा रहा है।

# इस बार इंदौर में नहीं होगा बजरबट्टू सम्मेलन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शहर में हर साल रंगपंचमी की पूर्व संध्या पर मल्हारगंज थाने के सामने होने वाला बजरबट्टू सम्मेलन इस बार आयोजित नहीं किया जाएगा। यह आयोजन पिछले 28 साल से किया जा रहा था। इस बार इसका 29वां साल था। आयोजक अशोक चौहान 'चांदू नेता' ने बताया कि इस मामले में गुरुवार शाम को ही फैसला लिया गया है।**

चौहान ने बताया कि एक महीने से तैयारी कर रहे हैं। सारी व्यवस्थाएं हो चुकी है। इसमें मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के सर प्राइज गेट अप को देखने के लिए दूर-दूर से आते हैं। लेकिन इस कार्यक्रम में उन्होंने शामिल होने से इनकार कर दिया। इससे हमें बहुत दुःख है। इस वजह से हमने यह कार्यक्रम निरस्त कर दिया है। इससे पहले भाजपा नेता चौहान ने कहा था कि यहां मेट्रो ट्रेन का काम चल रहा है। इस वजह से सड़क की खुदाई की गई है। वहां मंच लगाने की जगह भी नहीं है। हमने मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के अफसरों से कहा था कि मेट्रो का काम रंगपंचमी के बाद शुरू कर दें, लेकिन वे नहीं माने। हमने इस कार्यक्रम के लिए पांच लाख रुपए खर्च भी कर दिए थे। कई तरह की बुकिंग कर ली थी, लोगों को एडवांस पेमेंट कर दिया था। इसके चलते हमारा बड़ा नुकसान हुआ है। चौहान ने कहा कि फैसला लेने के बाद हमने मंत्री कैलाश विजयवर्गीय को भी इसकी जानकारी दे दी है।

### दो साल पहले आचार संहिता के कारण भी हुआ था निरस्त

दो साल पहले लोकसभा चुनाव के चलते इंदौर में बजरबट्टू सम्मेलन नहीं हुआ था। लोकसभा चुनाव की आचार संहिता के कारण आयोजकों ने इसे स्थगित करने का फैसला लिया था।

### मंत्री विजयवर्गीय हर बार नए गेटअप में शामिल होते हैं

योजन में कैलाश विजयवर्गीय हर बार नए गेटअप में शामिल होते हैं। विजयवर्गीय अब तक चाचा चौधरी, सचिन तेंदुलकर, चाणक्य, सुभाचंद्र बोस, रॉक स्टार बनकर चौंका चुके हैं।

# डायवर्शन टैक्स जमा नहीं करने पर रुक्मणि मोटर का गोदाम सील



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशन में इंदौर जिले में राजस्व वसूली के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत आज अनुविभागीय अधिकारी कनाडिया के निर्देशानुसार तहसील कनाडिया अंतर्गत डायवर्शन टैक्स की बकाया राशि वसूलने हेतु कार्रवाई की गई। रुक्मणि मोटर द्वारा लगभग 6 लाख रुपये का डायवर्शन टैक्स कई बार सूचना देने के बावजूद जमा नहीं किया गया था।

इस पर प्रशासन द्वारा विधि अनुसार कार्रवाई करते हुए रुक्मणि मोटर के गोदाम को सील किया गया। यह कार्रवाई तहसीलदार संगीता गोलिया, नायब तहसीलदार पूजा नागवंशी, राजस्व निरीक्षक विशाल शर्मा, तेजसिंह तथा पटवारी योगेश भार्गव और पुष्पेंद्र जादौन की संयुक्त टीम द्वारा की गई।

# फिल्म 'शतक' देखने पहुंचे मंत्री कैलाश विजयवर्गीय



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** मध्य प्रदेश के कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय इंदौर में आरएसएस की 100 वर्षीय यात्रा पर आधारित फिल्म 'शतक' देखने पहुंचे थे। सिनेमा हॉल में भीड़ ज्यादा होने और सीटें उपलब्ध न होने पर उन्होंने जमीन पर बैठकर ही फिल्म देखी। उनके साथ कई भाजपा कार्यकर्ता भी थे अब इसका वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर हो रहा है।

मंत्री विजयवर्गीय ने 450 कार्यकर्ताओं के साथ फिल्म देखी, लेकिन सीटों की कमी के कारण जमीन पर बैठना पड़ा। वीडियो में मंत्री जी जमीन पर बैठे दिख रहे हैं, जो काफी चर्चा में है। इस मूवी को देखने के बाद विजयवर्गीय ने कहा की कार्यकर्ताओं की इच्छा थी कि शतक फिल्म हम सब साथ में देखें। इसलिए इसे देखने का आज आयोजन किया गया हैं, आज लगभग 450 से ज्यादा कार्यकर्ताओं ने मूवी देखी है। शतक एक तरह से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सौ साल पूरे होने की एक कथा है। हमे इस बात को समझना पड़ेगा कि आज देश में आरएसएस नहीं हो तो क्या हम देश की कल्पना कर सकते हैं। कहां से संघ प्रारंभ हुआ है और कहां वह पहुंचा है, संघ का क्या उद्देश्य है यह सब इस फिल्म में देखने को मिलेगा। मंत्री विजयवर्गीय से जब मीडिया में शतक के बाद अन्य सवाल किए तो वह बिना कोई जवाब दिए ही आगे बढ़ गए। मीडिया ने ईरान युद्ध के बारे में भी पूछा तो विजयवर्गीय कुछ नहीं बोले और चुप्पी साधते हुए आगे रवाना हो गए। मध्य प्रदेश सरकार ने हाल ही में (मार्च 2026 में) इस फिल्म को पूरे राज्य में टैक्स फ्री घोषित कर दिया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने खुद एक्स (ट्विटर) पर घोषणा की और कहा कि यह फिल्म राष्ट्रसेवा और संस्कारों की परंपरा को सशक्त रूप से प्रस्तुत करती है, जिसे आरएसएस दशकों से जीवित रख रहा है। सीएम मोहन यादव ने खुद फिल्म देखी और इसे राष्ट्र निर्माण का प्रेरक संदेश देने वाली बताया। उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण के संकल्प से जुड़ा हर नागरिक इसे जरूर देखे।

# गंदगी देख नाराज हुए निगमायुक्त

## दो दरोगा का 7-7 दिन का वेतन काटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने गुरुवार को झोन क्रमांक 2, 13 और 18 के इलाकों का निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। कई स्थानों पर सफाई व्यवस्था खराब मिलने पर उन्होंने नाराजगी जताई और संबंधित कर्मचारियों पर कार्रवाई के निर्देश दिए। दो दरोगाओं का 7-7 दिन का वेतन काटने और एक सहायक दरोगा को हटाने के निर्देश दिए गए हैं।**



निगमायुक्त सबसे पहले झोन क्रमांक 2 के वार्ड क्रमांक 68 पहुंचे। यहां उन्होंने सिलावटपुरा और बंबई बाजार क्षेत्र में सफाई व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। सफाई कार्य संतोषजनक नहीं मिलने पर उन्होंने सीएसआई और क्षेत्रीय दरोगा को फटकार लगाई। वार्ड 68 के सहायक दरोगा विवेक धौलपुरे को हटाने और दरोगा मनीष पथरोड का 7 दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। साथ ही झोन 2 के सीएसआई के खिलाफ विभागीय जांच के आदेश दिए गए। इसके बाद निगमायुक्त झोन क्रमांक 13 के वार्ड 74 के मैकेनिक नगर, विष्णुपुरी और मां अहिल्या उद्यान पहुंचे। यहां उन्होंने स्वच्छता व्यवस्था और गार्डन में री-यूज पानी के कनेक्शन को लेकर रहवासियों से चर्चा की। निरीक्षण के दौरान कर्मचारियों की अनुपस्थिति मिलने पर क्षेत्रीय सीएसआई अभिषेक तिवारी को हाजिरी रजिस्टर जांचने और अनुपस्थित कर्मचारियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए। निगमायुक्त ने झोन क्रमांक 18 के वार्ड क्रमांक 53 में कोहिनूर कॉलोनी, आजाद नगर और आसपास के क्षेत्रों का भी निरीक्षण किया। यहां कचरे के पॉइंट बनने और सफाई व्यवस्था ठीक नहीं मिलने पर वार्ड दरोगा प्रवीण खरे को फटकार लगाई। साथ ही उनका 7 दिन का वेतन काटने के लिए अपर आयुक्त को निर्देश दिए।

# गेर के रंगों से बचाने के लिए राजवाड़ा को ढंका

## खतरनाक मकानों पर नहीं खड़े हो सकेंगे लोग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। रंगपंचमी पर निकलने वाली गेर को लेकर तैयारियां अंतिम दौर में हैं। शहर के ऐतिहासिक स्थल राजवाड़ा को भी गेर में दूर तक उड़ने वाले रंगों से बचाने के लिए ढंका जा रहा है। इसके अलावा सराफा के दुकानदार भी अपने भवनों को प्लास्टिक से एक दिन पहले ढंकेंगे।**

चार साल पहले ही राजवाड़ा पर 35 करोड़ रुपये खर्च कर उसका सौंदर्यीकरण किया गया है। इस कारण हर साल उसे अब रंगों से बचाया जाता है। नगर निगम ने भी गेर को लेकर तैयारियां तेज कर दी हैं। सड़कों से केबल तार हटाए जा रहे हैं। इसके अलावा गेर मार्ग पर खतरनाक मकान चिह्नित कर लिए गए हैं। उन



मकानों पर दर्शक खड़े होकर गेर का आनंद नहीं उठा सकेंगे। उधर गुरुवार को निगमायुक्त क्षितिज सिंघल ने गेर मार्ग का दौरा किया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने गेर में शामिल होने वाले वाहनों की संभावित संख्या और मार्ग की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जहां-जहां आवश्यकता हो वहां पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था, चेतावनी व सूचना बोर्ड लगाए जाएं। उन्होंने गेर मार्ग पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने और नियंत्रण कक्ष से मॉनिटरिंग किए जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए हैं। उन्होंने कहा कि गेर के पहले सभी स्थानों की सफाई अच्छे से की जाए। गेर के दौरान सड़कों पर खूब कचरा, गुलाल और फूटे गुब्बारे बिखरे पड़े रहते हैं, लेकिन दोपहर ढाई बजे जैसे ही गेर समाप्त होगी, आधे घंटे के भीतर सड़क साफ की जाएगी। नगर निगम ने इसके लिए विशेष अमला तैयार किया है। हर बार सड़क को गेर समाप्त होने के बाद साफ किया जाता है, ताकि स्वच्छ शहर वाली इंदौर की छवि कायम रहे।

# नगरपालिका परिषद का शताब्दी वर्ष शुजालपुर के हर नागरिक के सम्मान का उत्सव : मुख्यमंत्री

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि नगरपालिका परिषद का शताब्दी वर्ष शुजालपुर के हर नागरिक के सम्मान का उत्सव है। यह हमारी विरासत, उपलब्धियों और सामूहिक संकल्प का पर्व है। जटाशंकर महादेव की असीम कृपा से शुजालपुर नगरपालिका ने जन सेवा और लोक कल्याण के 100 वर्ष पूर्ण किए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शुजालपुर नगरपालिका के नए भवन के लिए 3 करोड़ रुपए और नगरपालिका क्षेत्र में सड़कों सहित अन्य विकास कार्य के लिए दो करोड़ रुपए नगरपालिका परिषद शुजालपुर को उपलब्ध कराने की घोषणा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरुवार को शुजालपुर नगरपालिका परिषद के 100 वर्ष पूर्ण होने पर शुजालपुर में आयोजित शताब्दी वर्ष समारोह को मंत्रालय भोपाल से वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। शुजालपुर में हुए कार्यक्रम में उच्च शिक्षा मंत्री श्री इंदर सिंह परमार, नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती बबीता परमार उपस्थित रही।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शुजालपुर में स्वच्छता से संबंधित गतिविधियों में निरंतर प्रगति हो रही है। नगर को राष्ट्रीय रैंकिंग में और बेहतर स्थान पर लाने के लिए आगामी वर्षों में अतिरिक्त प्रयास किए जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि गत 2 वर्षों में शुजालपुर में ऑडिटोरियम और सीसी रोड के लिए 5 करोड़ रुपए, कायाकल्प योजना के अंतर्गत सड़क निर्माण के लिए 6 करोड़ 60 लाख रुपए, अमृत 2 के अंतर्गत जलप्रदाय के लिए 12 करोड़ रुपए की राशि उपलब्ध कराई गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शुजालपुर वीरों की भूमि रही है। जब पेशवा बाजीराव प्रथम ने मालवा में विजय का परचम लहराया तब शुजालपुर उनकी रणनीतिक प्राथमिकता में था। इस पावन धरा पर पेशवाओं की सेना का नेतृत्व करते हुए राणो जी शिंदे ने मातृभूमि के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। उनकी स्मृति में बना भव्य शिव मंदिर और ऐतिहासिक छतरी आज भी हमें शौर्य की प्रेरणा देते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शौर्य और संकल्प की नींव पर आज से ठीक 100 वर्ष पहले 1926 में नगरपालिका परिषद का गठन शुजालपुर में हुआ था। एक उज्जवल भविष्य का संकल्प आज वट वृक्ष बन चुका है। वर्तमान में शुजालपुर विकास का मॉडल बन रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राज्य में जारी गतिविधियों के परिणाम स्वरूप शुजालपुर क्षेत्र में सड़कों, स्वास्थ्य, शिक्षा सुविधाओं, व्यापार-व्यवसाय गतिविधियों आदि में निरंतर प्रगति हो रही है। परिषद के माध्यम से राज्य सरकार हर घर तक सड़क-बिजली और पानी पहुंचाने के संकल्प को सिद्ध कर रही है।

# भाईदूज-यम द्वितीया के अवसर पर चित्रगुप्त मंदिर में विशेष पूजन



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** भाईदूज/यम द्वितीया के अवसर पर गुरुवार को कोटरा स्थित श्री राम जानकी चित्रगुप्त मंदिर में मां ईरावती चित्रगुप्त संस्कृति एवं सामाजिक न्यास के तत्वाधान में भगवान श्री चित्रगुप्त जी का विशेष पूजन एवं धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग सम्मिलित होकर भगवान श्री चित्रगुप्त की पूजा-अर्चना कर प्रदेश एवं समाज की सुख-समृद्धि की कामना की। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि भगवान श्री चित्रगुप्त न्याय, सत्य और कर्म के प्रतीक हैं। उनकी कृपा से समाज में सदाचार, ज्ञान और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त होता है।

भगवान चित्रगुप्त की आराधना हमें अपने कर्मों के प्रति सजग रहने और समाज के कल्याण के लिए कार्य करने की प्रेरणा देती है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं को भाईदूज/यम द्वितीया की शुभकामनाएं देते हुए समाज में आपसी प्रेम, सद्भाव और सेवा की भावना को सुदृढ़ करने का आह्वान किया।

**66वें जन्मदिन पर लिए 5 संकल्प...**

# शिवराज टॉपर्स को देंगे 51 हजार तक सम्मान राशि

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज गुरुवार 5 मार्च को 66 साल के हो गए हैं। उनके समर्थक शिवराज के जन्मदिन को प्रेम सेवा संकल्प दिवस के रूप में मना रहे हैं।**

शिवराज ने अपने 66वें जन्मदिन पर भोपाल के स्मार्ट पार्क में परिवार के साथ पौधारोपण किया। यहां मीडिया से कहा कि वे आज 5 संकल्प ले रहे हैं। ये पर्यावरण, सेवा, सहायता, शिक्षा और प्रतिभा प्रोत्साहन से जुड़े हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शिवराज को बधाई देते हुए X पर लिखा-केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान जी को उनके जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। वे अपने विनम्र स्वभाव और जनता से जुड़ाव के लिए प्रशंसित हैं। वे हमारे



किसानों के कल्याण और कृषि क्षेत्र के विकास के लिए अथक परिश्रम कर रहे हैं। हम उनके दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना करते हैं।

भोपाल में पौधारोपण करने के बाद शिवराज, पत्नी साधना सिंह के साथ विदिशा पहुंचे। रवींद्रनाथ टैगोर संस्कृति भवन में मामा कोचिंग क्लासेस की शुरुआत की। इस कोचिंग में कंपटीटिव एग्जाम की तैयारी कराई जाएगी। बैंकिंग, SSC, MPPSC, DRDO और फॉरेस्ट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की मुफ्त तैयारी कराई जाएगी। कोचिंग ऑनलाइन भी होगी ताकि जो छात्र सेंटर तक नहीं आ पा रहे हैं, वे अपने घर पर रहकर इसका फायदा ले सकें। विदिशा, रायसेन और भैरूंदा में 100-100 स्टूडेंट्स का पहला बैच जल्द शुरू होगा। इसके लिए आज से ही फार्म भरे जा रहे हैं। क्यूआर कोड स्कैन करके पंजीयन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। अंतिम तिथि 30 मार्च है। इसके बाद एक एंट्रेंस एग्जाम आयोजित किया जाएगा, जिसमें से 100 योग्य बच्चों का चयन किया जाएगा और उन्हें कोचिंग दी जाएगी। बाकी बच्चों के लिए भी शिवराज ने आश्वासन दिया है कि उनके लिए ऑनलाइन कोचिंग की शुरुआत की जाएगी, ताकि सभी बच्चे निशुल्क कोचिंग का लाभ ले सकें। इस मौके पर शिवराज बोले- पेड़ जीने और पेट भरने, बच्चों, कीट-पतंगों के लिए जरूरी हैं।

# तिरुपति से लाई गई बालाजी की मूर्तियों का स्वागत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा, एजेंसी।** खंडवा जिले के छैगांव माखन (इंदौर रोड) स्थित दिव्य बालाजी नगर में गुरुवार को तिरुपति से लाई गई पावन मूर्तियों का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर धार्मिक विधि-विधान के साथ एक विशाल शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। इन मूर्तियों को निर्माणाधीन दिव्य बालाजी मंदिर और पद्मावती धाम कॉलोनी के पद्मावती मंदिर में स्थापित किया जाएगा। जानकारी के अनुसार, तिरुपति तिरुमला देवस्थानम द्वारा विशेष रूप से निर्मित एवं भेंट की गई भगवान श्री तिरुपति बालाजी, माता लक्ष्मी, पद्मावती, दशावतार, गणेश, हनुमान, गरुड़, जय-विजय, चंड-प्रचंड और बली पीठ सहित अन्य देवी-देवताओं की मूर्तियां खंडवा पहुंची हैं।

# एसपी-एएसपी 'चिकनी चमेली' गाने पर थिरके



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सतना, एजेंसी।** सतना में रंगों के पर्व होली पर शहर की सुरक्षा व्यवस्था में तैनात पुलिस प्रशासन ने गुरुवार को अपने परिवार के साथ होली मनाई। पुलिस लाइन में आयोजित होली मिलन समारोह में बॉलीवुड के गानों का बोलबाला रहा। पुलिस कप्तान हंसराज सिंह और एडिशनल एसपी ने 'चिकनी चमेली' गाने की धुन पर डांस किया, वहीं युवा आरक्षक 'मैं हूं खलनायक' गाने पर जमकर झूमे। होली के खुशनुमा माहौल में अधिकारियों और कर्मचारियों के बीच अनुशासित मस्ती का यह दौर लगभग 2 घंटे तक चला। दूसरी ओर, सलाखों के पीछे केंद्रीय जेल में कैद बंदियों के बीच भी गुरुवार को होली का त्योहार मनाया गया। बंदियों ने देशी अंदाज में ढोलक, झांझ, मजीरा और हारमोनियम की धुन पर जमकर नृत्य किया। इस दौरान बंदियों में बेहद उत्साह देखने को मिला।

# हाथी का हमला, युवक हुआ घायल

**अनूपपुर, एजेंसी।** अनूपपुर जिले के कोतमा वन परिक्षेत्र के ग्राम चुकान में गुरुवार शाम करीब 4 बजे एक जंगली हाथी ने खेत में काम कर रहे 20 वर्षीय युवक दारा सिंह पर हमला कर दिया। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा में भर्ती कराया गया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा के बीएमओ केएल दीवान ने बताया कि युवक हाथी के हमले से घायल हुआ है, लेकिन उसकी हालत सुरक्षित है और गंभीर चोटें नहीं आई हैं। उसका इलाज जारी है। घायल दारा सिंह, पिता राम सिंह ने बताया कि वह शाम के समय अपने खेत में काम कर रहे थे, तभी हाथी ने पीछे से अचानक सूंड से टक्कर मारकर हमला कर दिया, जिससे वह दूर जा गिरा और उसे चोटें आईं।

# रोजा इफ्तार के दौरान मधुमक्खियों का हमला

**छतरपुर, एजेंसी।** जिले के किशनगढ़ थाना क्षेत्र स्थित हथनी कुंड जंगल में रोजा इफ्तार के दौरान अचानक मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। इस हमले से मौके पर अफरातफरी मच गई और जान बचाने के लिए भाग रहे कई लोग घायल हो गए। कुछ लोगों को मधुमक्खियों ने डंक मारा, जबकि कुछ भागदौड़ में गिरकर चोटिल हुए हैं। सभी को प्राथमिक उपचार दे दिया गया है। जानकारी के अनुसार, यह घटना हथनी कुंड जंगल स्थित चट्टानों और झरने के पास हुई। अंजार राइन अपने साथियों के साथ यहां रोजा खोलने (इफ्तार) के लिए पहुंचे थे। इफ्तार की तैयारी के लिए जैसे ही सिलेंडर में आग जलाई गई, उसका धुआं और आंच जंगल में मौजूद मधुमक्खियों के छत्ते तक पहुंच गई। इससे मधुमक्खियां भड़क गईं और उन्होंने अचानक वहां मौजूद लोगों पर हमला कर दिया।

# लॉरेंस बिश्नोई गैंग का गुर्गा गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**अशोकनगर, एजेंसी। मध्य प्रदेश के अशोक नगर पुलिस ने अंतरराष्ट्रीय शूटर गैंग लॉरेंस बिश्नोई की एक बड़ी साजिश को नाकाम करते हुए हैरी बॉक्सर और ऋतिक बॉक्सर के एक गुर्गे को गिरफ्तार कर लिया है।**

पकड़ा गया 19 वर्षीय आरोपी मनीष जांगिड़ राजस्थान का रहने वाला है, जो शहर के एक प्रतिष्ठित व्यापारी अंकित अग्रवाल से 10 करोड़ रुपये की फिरौती वसूलने और दहशत फैलाने के लिए उनके घर पर 6 पेट्रोल बम से हमला करने की फिराक में था। पुलिस ने आरोपी को बम और अन्य सामग्री के साथ गिरफ्तार कर लिया है और फिलहाल उससे पूछताछ कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा ने गुरुवार शाम को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि 12 फरवरी को शहर के व्यापारी अंकित अग्रवाल को व्हाट्सएप कॉल, वीडियो कॉल और वॉइस नोट के जरिए हैरी बॉक्सर के नाम से धमकी मिली थी। इसमें 10 करोड़ रुपये की मांग की गई थी और पैसे न देने पर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी गई थी। कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज होने के बाद पुलिस ने सादे कपड़ों में शहर के होटलों, लॉज और बस स्टैंड पर सघन चेकिंग अभियान शुरू किया और जयपुर, जैसलमेर, इंदौर से लेकर गोवा तक तकनीकी साक्ष्य जुटाए।

## संपादकीय

# अंतरिक्ष की 'कैब' सर्विस: स्काईरूट एयरोस्पेस का नया आसमान

स्पेस स्टार्टअप्स में भारत दुनिया के दिग्गज देशों से बराबरी का मुकाबला कर रहा है। उसी क्रम में भारत का उभरता हुआ स्पेस स्टार्टअप्स 'स्काईरूट एयरोस्पेस' अपने स्पेशल बिजनेस मॉडल और महत्वाकांक्षी योजनाओं के जरिए अंतरिक्ष सेक्टर में धूम मचाने की तैयारी कर रहा है। कंपनी के को-फाउंडर पवन कुमार चंदना का कहना है कि उनका लक्ष्य बड़ी स्पेस कंपनियों से सीधे मुकाबला करना नहीं है, बल्कि स्पेस मार्केट के उस हिस्से पर फोकस करना है, जिस पर किसी की नजर नहीं पड़ी है। चंदना एक ऐसी मिसाल देते हैं जो सचमुच जमीन से जुड़ी है। वे कहते हैं, 'स्पेसएक्स को एक ट्रांसकॉन्टिनेंटल ट्रेन या A380 की तरह सोचें। हमारा मकसद वह कैब या बिजनेस जेट बनना है जो आपको हमारे छोटे रॉकेट्स के साथ स्पेस में एक खास ऑर्बिट में एक खास स्लॉट पर उतारे।' उनका कहना है कि बड़ी स्पेस कंपनियां एक साथ कई ग्राहकों के सैटेलाइट को एक ही ऑर्बिट में लॉन्च करती हैं, जबकि स्काईरूट का फोकस डेडिकेटेड लॉन्च यानी किसी खास ग्राहक की जरूरत को पूरा करने पर है। स्काईरूट ने इस दिशा में पहला अहम कदम नवंबर 2022 में उठाया था, जब कंपनी ने अपने सब-ऑर्बिटल रॉकेट विक्रम-एस को सफलतापूर्वक लॉन्च किया। यह मिशन पहली ही कोशिश में सफल रहा, जो किसी भी निजी स्पेस कंपनी के लिए बड़ी सफलता माना जाता है। इस सफलता ने भारत के निजी स्पेस सेक्टर को नई पहचान दिलाई। अब कंपनी अपने पहले ऑर्बिटल रॉकेट विक्रम-1 के लॉन्च की तैयारी में जुटी है। करीब 75 फीट ऊंचा यह रॉकेट लगभग 300 किलोग्राम तक का पेलोड लो अर्थ ऑर्बिट में ले जाने में सक्षम होगा। हालांकि शुरुआती मिशन में पेलोड इसकी क्षमता से कम रहने की संभावना है। रॉकेट के तीनों सॉलिड प्रोपेलेंट स्टेज, कलाम-1200, कलाम-250 और कलाम-125 पहले ही लॉन्च साइट पर पहुंच चुके हैं, जबकि बाकी इलेक्ट्रॉनिक्स और सॉफ्टवेयर सिस्टम हैदराबाद में अंतिम परीक्षण से गुजर रहे हैं। **विक्रम-1 में क्या है खास?** विक्रम-1 के ऊपरी हिस्से में ऑर्बिट एडजस्टमेंट मॉड्यूल लगाया गया है, जिसमें 3D-प्रिंटेड लिक्विड इंजन 'रमन-2' लगा है। अंतिम इंटीग्रेशन पूरा होने के बाद इन्हें ट्रकों के जरिए लॉन्च साइट तक भेजा जाएगा। इस मिशन का लॉन्च तीश धवन अंतरिक्ष केंद्र, श्रीहरिकोटा से किया जाएगा, हालांकि लॉन्च की तारीख का ऐलान आधिकारिक स्लॉट मिलने के बाद ही होगा। कंपनी अब तक करीब 100 मिलियन डॉलर की फंडिंग जुटा चुकी है और रिपोर्ट्स के मुताबिक अगली फंडिंग राउंड में यह भारत की पहली स्पेसटेक यूनिकॉर्न बन सकती है। स्काईरूट ने हैदराबाद में अपना 'इनफिनिटी कैंपस' भी तैयार किया है, जहां से भविष्य में हर महीने एक विक्रम-क्लास रॉकेट लॉन्च करने की क्षमता विकसित करने की योजना है।

## महिला जगत

# पहली बार इन महिलाओं ने किया ऐसा काम, बदल गई भारत की तस्वीर



भारत के इतिहास में कई ऐसी महिलाएं रही हैं जिन्होंने अपने साहस, प्रतिभा और मेहनत से नई मिसाल कायम की। इन महिलाओं ने ऐसे क्षेत्रों में सफलता हासिल की, जहां पहले सिर्फ पुरुषों का दबदबा माना जाता था।

भारत की इन महिलाओं ने अपने साहस और मेहनत से साबित किया कि अगर हौसला मजबूत हो तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता। उनकी उपलब्धियां आज भी लाखों लोगों को प्रेरणा देती हैं और यह दिखाती हैं कि महिलाएं हर क्षेत्र में सफलता हासिल कर सकती हैं।

8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। इस मौके पर भारत की 10 ऐसी महिलाओं के बारे में जानते हैं, जिन्होंने किसी न किसी क्षेत्र में पहली महिला बनकर इतिहास रचा और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बन गईं।









### इंदिरा गांधी, भारत की पहली महिला प्रधानमंत्री

इंदिरा गांधी भारत की पहली और अब तक की सबसे प्रसिद्ध महिला प्रधानमंत्री रही हैं। उन्होंने 1966 में देश की सत्ता संभाली और कई महत्वपूर्ण फैसले लेकर भारत की राजनीति में अपनी अलग पहचान बनाई।

### कल्पना चावला, अंतरिक्ष में जाने वाली पहली भारतीय महिला

कल्पना चावला अंतरिक्ष में जाने वाली पहली भारतीय मूल की महिला थीं। उन्होंने नासा के स्पेस मिशन में भाग लेकर पूरी दुनिया में भारत का नाम रोशन किया।

### किरण बेदी, भारत की पहली महिला IPS अधिकारी

किरण बेदी 1972 में भारतीय पुलिस सेवा (IPS) में शामिल होने वाली पहली महिला बनीं। उन्होंने पुलिस सेवा में कई महत्वपूर्ण सुधार किए और महिलाओं के लिए नई



राह खोली।

### प्रतिभा पाटिल, भारत की पहली महिला राष्ट्रपति

प्रतिभा पाटिल 2007 में भारत की पहली महिला राष्ट्रपति बनीं। उनका राष्ट्रपति बनना भारतीय राजनीति में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी का बड़ा उदाहरण था।

### बछेंद्री पाल, माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने वाली पहली भारतीय महिला

बछेंद्री पाल ने 1984 में माउंट एवरेस्ट पर चढ़कर इतिहास रच दिया। उनकी इस उपलब्धि ने भारतीय महिलाओं को एडवेंचर स्पोर्ट्स में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

### अन्ना राजम मल्होत्रा, भारत की पहली महिला IAS अधिकारी

अन्ना राजम मल्होत्रा 1951 बैच की भारतीय प्रशासनिक सेवा की पहली महिला अधिकारी थीं। उन्होंने प्रशासनिक क्षेत्र में महिलाओं के लिए नई राह बनाई

### मैरी कॉम, बॉक्सिंग में विश्व चैंपियन बनने वाली पहली भारतीय महिला

मैरी कॉम ने बॉक्सिंग की दुनिया में कई विश्व खिताब जीतकर भारत का नाम रोशन किया और महिला खिलाड़ियों के लिए नई मिसाल पेश की।

### फातिमा बीवी, सुप्रीम कोर्ट की पहली महिला जज

फातिमा बीवी 1989 में भारत के सर्वोच्च न्यायालय की पहली महिला न्यायाधीश बनीं। यह भारतीय न्यायपालिका में महिलाओं की बड़ी उपलब्धि मानी जाती है।

### सरोजिनी नायडू, भारत की पहली महिला राज्यपाल

सरोजिनी नायडू स्वतंत्र भारत की पहली महिला राज्यपाल बनीं। उन्हें "भारत की बुलबुल" भी कहा जाता है और वे एक प्रसिद्ध कवयित्री व स्वतंत्रता सेनानी थीं।

### अरुणिमा सिन्हा, माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने वाली पहली दिव्यांग महिला

अरुणिमा सिन्हा ने एक पैर खोने के बाद भी हार नहीं मानी और माउंट एवरेस्ट पर चढ़कर दुनिया को प्रेरित किया।

New Delhi

# सुखोई-30 विमान क्रैश में 2 पायलट ने गंवाई जान भारतीय वायु सेना ने जताया शोक

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** भारतीय वायु सेना (आईएएफ) का एक सुखोई सु-30 एमकेआई लड़ाकू विमान गुरुवार को असम के कार्बी आंगलोंग क्षेत्र में प्रशिक्षण अभियान के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। यह इलाका जोरहाट से 60 किलोमीटर दूर है। वायु सेना ने गुरुवार देर रात इसकी पुष्टि की। बता दें कि पहले इस विमान के लापता होने की सूचना आई थी। अधिकारियों ने कहा था कि विमान ने असम के जोरहाट से उड़ान भरने के बाद रडार से संपर्क खो दिया था। जिसके बाद सर्च ऑपरेशन चलाया गया था। वहीं अब भारतीय वायुसेना ने अपने पायलट के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की है।



भारतीय वायु सेना ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि आईएएफ स्क्वाड्रन लीडर अनुज और फ्लाइट लेफ्टिनेंट पुरवेश दुरागकर के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करती है, जो Su-30 विमान दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। भारतीय वायु सेना के सभी कर्मी शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हैं और इस दुख की घड़ी में उनके साथ मजबूती से खड़े हैं।

बता दें कि Su-30MKI एक दो सीटों वाला लंबी दूरी का लड़ाकू विमान है जिसे रूसी विमान निर्माता सुखोई ने विकसित किया है।

इसका निर्माण अब भारतीय वायु सेना के लिए लाइसेंस के तहत हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL) द्वारा किया जाता है।

Bihar

● नीतीश ने राज्यसभा के लिए भरा नामांकन, बोले-

# नई सरकार को सहयोग रहेगा



**पटना, (एजेंसी) बिहार के CM नीतीश कुमार ने गुरुवार को विधानसभा पहुंचकर राज्यसभा कैंडिडेट के लिए नामांकन दाखिल किया। CM के साथ बीजेपी अध्यक्ष नितिन नवीन, रामनाथ ठाकुर, उपेन्द्र कुशवाहा और शिवेश कुमार ने भी नामांकन दाखिल किया। इस दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी मौजूद रहे।**

नामांकन के बाद JDU ने गृह विभाग पर अपना दावा ठोका है। अभी ये BJP के पास है। सम्राट चौधरी बिहार के गृहमंत्री हैं। वहीं, जदयू के सूत्रों के अनुसार सीएम नीतीश ने बेटे निशांत कुमार 8 मार्च (रविवार) को जेडीय जॉइन करेंगे। इसके बाद पार्टी में निशांत के आगे की भूमिका तय की जाएगी। पार्टी के नेता बैठक में इसपर फैसला लेंगे। नीतीश कुमार ने निशांत कुमार के ज्वाइनिंग को लेकर हरी झंडी दे दी है। निशांत की ज्वाइनिंग आज ही होनी थी। इसको लेकर जेडीयू कार्यालय में कार्यकर्ता के लिए भोज का इंतजाम किया गया था। लेकिन राज्यसभा नामांकन कार्यक्रम के कारण ज्वाइनिंग नहीं हुई।

Uttarpradesh

## एक खबर ने छीन ली दो जिंदगियां! ट्रेन हादसे में बेटे की मौत, सुनते ही पिता ने भी छोड़ दी दुनिया

**मुजफ्फरपुर, (एजेंसी)** मुजफ्फरपुर जिले के साहेबगंज थाना क्षेत्र के चकवा जगदीशपुर गांव में उस समय मातम छा गया जब पिता और पुत्र की एक साथ अर्थी उठी। दोनों असम से अपने गांव होली पर्व मनाने के लिए लौट रहे थे, लेकिन घर पहुंचने से पहले ही एक दर्दनाक हादसा हो गया। बताया गया है कि पिता के साथ लौट रहे बेटे की ट्रेन से गिरकर मौत हो गई। इस घटना की जानकारी से पिता काफी देर तक अनजान रहे और ट्रेन में आगे तक सफर करते रहे। जानकारी के अनुसार यह हादसा न्यू जलपाईगुड़ी और कटिहार स्टेशन के बीच हुआ। ट्रेन से गिरने के कारण बेटे की मौके पर ही मौत हो गई। उधर पिता इस बात से अनजान होकर ट्रेन में कई स्टेशन आगे तक पहुंच गए। जब पिता बरौनी स्टेशन पहुंचे, तब साथ में सफर कर रहे एक यात्री ने इस घटना की जानकारी परिजनों को दी। इसके बाद परिजन बुजुर्ग को लेने के लिए पहुंचे और उन्हें निजी वाहन से घर लेकर आने लगे। बताया गया है कि रास्ते में जब बुजुर्ग पिता को बेटे की मौत की खबर दी गई।

Rajasthan

## अलवर में गोली से मचा हड़कंप! हिस्ट्रीशीटर महेश गुर्जर को लगी गोली, इलाज के दौरान मौत

**अलवर, (एजेंसी)** राजस्थान के अलवर जिले के बानसूर क्षेत्र में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां एक हिस्ट्रीशीटर युवक की गोली लगने के बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान हरसौरा थाना क्षेत्र के मुगलपुर गांव निवासी महेश गुर्जर के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार यह घटना बुधवार देर रात की है, जबकि गुरुवार शाम जयपुर के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान उसने अंतिम सांस ली।

पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि बुधवार रात करीब 11 बजे महेश गुर्जर अपने एक रिश्तेदार चेतन उर्फ काली और एक-दो अन्य दोस्तों के साथ गांव के ही एक खेत में बैठा हुआ था। इसी दौरान चेतन के हाथ में मौजूद हथियार से अचानक एक्सीडेंटल फायर हो गया। गोली



सीधे महेश गुर्जर के पेट में जा लगी, जिससे वह लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़ा।

गोली लगने के तुरंत बाद घायल महेश को गंभीर हालत में पहले बानसूर अस्पताल ले जाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसकी नाजुक स्थिति को देखते हुए उसे कोटपूतली रेफर कर दिया। कोटपूतली से भी बेहतर इलाज के लिए उसे जयपुर भेजा गया, जहां उसे निम्स (NIMS) अस्पताल में भर्ती कराया गया।

खेल

# भारतीय टीम ने देशवासियों को लगाया जीत का गुलाल!




● "इतिहास ने फिर करवट ली है

**(एमआरपी)**

**आज भारत ने मैदान में अंग्रेजों से 'लगान' वसूल लिया!"**

**इंग्लैंड को शानदार अंदाज़ में पराजित कर भारतीय क्रिकेट टीम ने सेमीफाइनल में ऐतिहासिक जीत दर्ज करते हुए फाइनल में प्रवेश किया है!**

**यह जीत विश्व विजेता बनने की ओर एक और मजबूत कदम है इस शानदार विजय पर भारतीय क्रिकेट टीम को हार्दिक बधाई एवं देशवासियों और सभी क्रिकेट प्रेमियों को ढेरों शुभकामनाएँ!**

**आशा है कि टीम भारत इसी जोश और उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ फाइनल में भी विजय प्राप्त कर देश का मान और गौरव बढ़ाएगी!**

**बधाई टीम भारत**

सिनेमा

## 5 स्टार होटल, गोल्ड ज्वेलरी, डिजाइनर कपड़े...विजय-रश्मिका की शाही शादी में खर्च हुए कितने करोड़?



रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा की शादी को 2026 की हाई प्रोफाइल वेडिंग कहना गलत नहीं होगा. इस शाही शादी ने कई मायनों में स्टीरियोटाइप तोड़ा है. 26 फरवरी को उदयपुर के लग्जूरियस होटल में उनकी ग्रैंड वेडिंग हुई. कपल ने उदयपुर की 5 स्टार प्रॉपर्टी ITC Mementos को रॉयल वेडिंग के लिए चुना. उन्होंने कई सारे पोस्ट वेडिंग फंक्शंस किए. फिर 4 मार्च को हैदराबाद में स्टार स्टडेड वेडिंग रिसेप्शन किया. कपल ने शादी में रॉयल वाइब देने के लिए 3 किलो गोल्ड जूलरी पहनी थी. जिसमें 2 किलो की गोल्ड जूलरी रश्मिका और 1 किलो की विजय ने पहनी थी. लेकिन क्या आप जानते हैं कपल की शाही शादी में कितने करोड़ का खर्चा हुआ? 123 तेलुगू में छपी रिपोर्ट के मुताबिक, कपल की शादी का कुल खर्चा 12 करोड़ के करीब आया है. वहीं कुछ रिपोर्ट्स में शादी की बजट 20 करोड़ बताया जा रहा है. ये भी सामने आया है कि कपल ने अपनी शादी के डिजिटल राइट्स ओटीटी पर बेचने से मना किया था. जबकि उन्हें इसके लिए 60 करोड़ ऑफर हुए थे. हालांकि शादी के बजट को लेकर कपल की तरफ से कोई कंफर्मेशन नहीं आई है. लेकिन इतना जरूर है कि विजय-रश्मिका की शादी टॉलीवुड की सबसे महंगी शादियों में से एक है.

## Highlights

1. **Won't allow India to emerge as our competitor, won't make mistakes we made with China: US**
2. **7,000 Indians return from UAE, more flights in next 48 hrs: Indian Embassy**
3. **Colonial-era tax on urban housing societies abolished in Maharashtra**
4. **Saleem Wastik, ex-Muslim YouTuber whose throat was slit in UP, regains consciousness**
5. **Bengaluru cook's 'protein creativity' reel wins internet hearts**

# Morgan Stanley cuts India exposure on LNG shock from Iran war

**NEW DElHI, (Agency).** Morgan Stanley is adopting a more cautious stance on Asian equities, trimming its India exposure on concerns that the Iran war may disrupt supply chains if oil flows through the Strait of Hormuz fail to recover.

"We stay defensive," Morgan Stanley strategists including Daniel Blake and Jonathan Garner wrote in a note dated 5 March 2026. "Asia remains critically dependent on Middle Eastern supply of crude oil, refined products and LNG and we believe the market is too complacent about supply chain risks."

The strategists downgraded India from overweight to equal-weight in their latest reshuffle, citing the country as one of the Asian markets most exposed to potential Qatari LNG supply disruptions. With uncertainty around AI and high valuations, global investors may wait—possibly until South Korea and Taiwan's tech cycle peaks—before shifting back toward India, they said.




Morgan Stanley's shift highlights rising geopolitical risks as the Iran war reshapes energy flows and risk premiums. Prolonged disruption in the Strait of Hormuz could lift oil and LNG prices, pressure energy-importing Asia, and trigger earnings downgrades. Concerns are mounting that a sustained supply shock may spark a global economic slowdown, undermining key export industries.

Global investors are pulling money out of emerging Asia's major markets. Since the war began, foreigners have withdrawn about \$1.3 billion from India. Taiwan and Korea have seen even larger outflows this week—\$7.9 billion pulled from Taiwan, set to mark foreigners' biggest weekly exodus from the island, and \$1.6 billion taken out of Korea.

Morgan Stanley's latest changes come about a week after predicting that emerging markets are poised for their strongest earnings growth stretch since the 2002–2004 super-cycle, fuelled by surging AI investment.

In their latest note, the Morgan Stanley strategists also cut the United Arab Emirates to equal-weight from overweight, while upgrading Taiwan and Saudi Arabia to equal-weight from underweight.

# Samsung Galaxy S26 Ultra review: Screen and real innovation, for your eyes only

**NEW DElHI, (Agency).** If you contextualise the Samsung Galaxy S26 Ultra as just another flagship generation based on new specs compared with the previous generation, it'd be fallaciously simplistic. There are of course generational steps forward in terms of the hardware and specs, and nothing less is to be expected. However, Samsung's focus is steadfast on capabilities and finesse that defines experience. Case in point, the





Privacy Display. Another case in the same point, Horizontal Lock for video recordings, to keep videos level even if your angles aren't. One more? The APV video codec, or Advanced Professional Video. To some these may seem a generational given, but switch to another Android flagship and you'll realise that isn't the case. As has often been the case with recent Galaxy flagship iterations, including the Galaxy S25 Ultra, Samsung is bumping up the base spec combination from 12GB memory and 256GB storage to 12GB memory and 512GB storage for the entry spec price point of ₹1,39,999 — which they say is for a limited time; good value for early adopters, who have their credit cards dusted off and ready.

# पुलिसकर्मियों ने डांटा तो युवक ने पांचवीं मंजिल से लगा दी छलांग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** चंदन नगर क्षेत्र में बुधवार रात एक युवक ने पांचवीं मंजिल से कूदकर अपनी जान दे दी। युवक तनाव में था और पुलिसकर्मियों द्वारा डांटे जाने की बात भी सामने आ रही है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की दी है।

चंदन नगर क्षेत्र के ताप्ती परिसर में रहने वाला 23 साल का युवक राज मकवाना बुधवार देर रात अपनी मल्टी के नीचे घूम रहा था। मल्टी का निर्माण इंदौर विकास प्राधिकरण ने किया है।



राज को घबराहट हो रही थी। इस कारण फ्लैट से उतर कर खुली हवा में आया था। इसी दौरान परिसर में तैनात सुरक्षाकर्मी ने उससे इतनी रात को बाहर घूमने का कारण पूछा, तो राज ने सीधा जवाब नहीं दिया। इसके बाद दोनों के बीच कहासुनी हो गई। परिजनों ने बताया कि सुरक्षाकर्मी ने सड़क से गुजर रही पुलिस की गश्त कर रही गाड़ी को रोक लिया और उसमें सवार पुलिस जवानों से राज की शिकायत की।

पुलिस जवानों ने राज को डांटा और घर पर जाने के लिए कहा। परिजनों ने कहा कि पुलिसकर्मियों ने राज को एक थप्पड़ भी जड़ा था। इससे वह घबराने लगा और तनाव में आ गया था। इसके बाद उसने पांचवीं मंजिल से छलांग लगा दी। परिजनों ने आरोप लगाया कि राज की कोई गलती नहीं थी और उनसे पुलिसकर्मियों से माफी भी मांग ली थी। फिर भी उससे साथ बदसूलकी की गई। यह बात भी सामने आई है कि राज मानसिक तनाव में था और उसका इलाज भी चल रहा था। इस बीच उसने यह कदम उठा लिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## होली इवेंट में युवतियों से अश्लील हरकत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** एमआर-10 क्षेत्र में आयोजित रंग दे होली कार्यक्रम के दौरान एक युवक पर लड़कियों के साथ अश्लील हरकत करने का आरोप लगा है। सूचना मिलने के बाद कुछ हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और युवक को पकड़कर पूछताछ की। बाद में उसे बाणगंगा थाना पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। बाणगंगा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार युवक ने अपना नाम सोबी फिलिप्स निवासी भोपाल बताया। हिंदूवादी संगठन के मानसिंह राजावत का आरोप है कि वह कार्यक्रम में मौजूद लड़कियों के साथ अभद्र व्यवहार कर रहा था। कार्यकर्ताओं ने जब उससे पूछताछ की और उसका मोबाइल चेक किया तो उसमें कथित तौर पर अश्लील वीडियो और कई लड़कियों के साथ आपत्तिजनक चैट मिलने का दावा किया गया। कार्यकर्ताओं का आरोप है कि युवक सोशल मीडिया पर हिंदू नाम बताकर लड़कियों से दोस्ती करता था और उनसे बातचीत करता था। मामले को लेकर मौके पर कुछ देर हंगामे की स्थिति भी बनी रही। इसके बाद युवक को पकड़कर बाणगंगा थाना पुलिस के हवाले कर दिया गया। पुलिस ने युवक से पूछताछ शुरू कर दी है और उसके मोबाइल की जांच की जा रही है। फिलिप्स पर प्रतिबंधात्मक धाराओं में कारवाई की गई है।

## ड्रोन से पकड़े गए 8 जुआरी, एमडी ड्रग के साथ आरोपी गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** द्वारकापुरी थाना क्षेत्र में पुलिस ने ड्रोन की मदद से जुआ खेल रहे 8 लोगों को पकड़ लिया। इलाके में सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी के लिए ड्रोन उड़ाया गया था। ड्रोन देखकर जुआरी भागने लगे, लेकिन पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया। आरोपियों के पास से 6,400 रुपए जब्त किए गए हैं। बुधवार को होली के मौके पर डीसीपी आनंद कल्यादगी के निर्देश पर इलाके में विशेष सुरक्षा व्यवस्था की जा रही थी। इसी दौरान दिग्विजयनगर मल्टी में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने विक्रम डाबर, सुनील जाट, सन्नी राठौर, सोहन सीताराम, मंशाराम भील, रोहित शिवा, पंकज राठौर और जीवन डाबर को गिरफ्तार किया। ड्रोन देखकर आरोपियों ने ताश के पत्ते नीचे फेंक दिए थे। पुलिस ने जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। हीरानगर पुलिस ने एमडी ड्रग के साथ विनय उर्फ भांजा पुत्र श्याम बामनिया निवासी संविद नगर झोपड़ी, कालका माता मंदिर क्षेत्र को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से 14 ग्राम से अधिक एमडी ड्रग बरामद हुई है। उसके खिलाफ पहले से नशे और अवैध हथियार से जुड़े करीब 18 मामले दर्ज हैं।

ज्योतिषीय/अनुष्ठानिक
सलाह -मार्गदर्शन हेतु सम्पर्क करें
"एक सलाहकार और शुभचिंतक"
।। बाबापण्डित ।।
(अनुष्ठानिक कार्य एवं हरिकथा प्रेमी)
आपकी परिस्थितियों को समझते हुए मेरी एक अनुष्ठानिक प्रयोग की सलाह आपकी पीड़ा / समस्या के समाधान में सहायक हो सकती है।
- कतिपय अनुष्ठान प्रयोग -
*एक दिवसीय महागणपति एवं आदिदेवभास्कर अभिसिंचन अनुष्ठान*
*एकदिवसीय अष्टमहालक्ष्मी विनायक अनुष्ठान*
*एकदिवसीय महादेवरुद्र स्तवन अनुष्ठान*
*एकदिवसीय हनुमंतवंदन- वाल्मीक सुंदरकांड अनुष्ठान*
*त्रिदिवसीय सत्यनारायण पूजनकथा - हरिकथा अनुष्ठान*
इसके अन्यत्र यजमान की समस्या की भूमिका एवं प्रकृतिनुसार अन्य वैदिक/शास्त्रोक्त अनुष्ठानों का भी प्रयोग समस्या निवारण में किया जा सकता है।
कृपया अपनी जिज्ञासा/समाधान हेतु संपर्क करे।
Email - babapandit.in@gmail.com

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक